खण्ड—स **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10. "'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी विलासी सामंती वर्ग के चरित्र का लेखा-जोखा है।" इस कथन का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

11. 'जिन्दगी और जोंक' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

12. सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' की औपन्यासिक दृष्टि का उल्लेख करते हुए 'शेखर : एक जीवनी' की संवेदना व शिल्प का विवेचन कीजिए।

13. निम्न में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : (प्रत्येक 8 अंक)

(अ) 'टूटना' कहानी की संवेदना

(ब) 'मेरा दुश्मन' कहानी की कहानी-कला

(स) 'पत्नी' कहानी में सुनंदा का चरित्र-चित्रण

(द) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास

434

MAHD–06

June – Examination 2020

M.A. (Final) Examination

HINDI

कथा-साहित्य

Paper : MAHD-06

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार, एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) हिन्दी में जासूसी परम्परा का श्रीगणेश करने वाले उपन्यासकार का क्या नाम है ?

(ii) प्रेमचन्द पूर्व किन्हीं **दो** सामाजिक उपन्यासों के नाम लिखिए।

(iii) 'अपने-अपने अजनबी' उपन्यास के रचयिता कौन हैं ?

(iv) 'शशि' और 'शेखर' किस उपन्यास के प्रमुख पात्र हैं ?

(v) जनवादी कहानी किसे कहते हैं ?

(vi) 'पिता' कहानी की संवेदना संक्षेप में लिखिए।

(vii) 'जाह्नवी' और 'जयसंधि' कहानी संग्रह के रचयिता का नाम बताइए।

(viii) 'समय-सरगम' उपन्यास के अतिरिक्त कृष्णा सोबती के किन्हीं **दो** उपन्यासों का नामोल्लेख कीजिए।

खण्ड—ब 4×8=32

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

एक सुकुमार बालक की दयनीय दशा देखकर शराबी का हृदय पिघल जाता है और वह भूखे, निरीह बालक को अपने साथ अपनी कोठरी पर ले आता है। वह भूखे बालक का पेट भरने के लिए ठाकुर साहब द्वारा दिए गए एक रुपऐ की पूरी मिठाई

व नमकीन ले आता है। दोनों भरपेट खाकर सो जाते हैं। दूसरे दिन जब शराबी जागता है तो उसकी मन:स्थिति परिवर्तित हो चुकी है। उसके मन में पहली बार दायित्व बोध का उदय होता है।

3. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

महाराज को साधारण लोग-बाग की तरह कोई साधारण बीमारी नहीं थी। देश-विदेश से आये हुए बड़े से बड़े डॉक्टर भी उनकी बीमारी का निदान और उपचार करने में मुँह की खा गए थे। लोगों का विचार था कि चिकित्साशास्त्र के इतिहास में ऐसा रोग अब तक देखा-सुना नहीं गया। ऐसे राजरोग को कोई साधारण आदमी झेल भी कैसे सकता था।

4. 'सिक्का बदल गया' कहानी में विस्थापन की मर्मस्पर्शी पीड़ा किस प्रकार अभिव्यक्त हुई है ? समझाइए।

5. सिद्ध कीजिए कि 'जिन्दगी और गुलाब के फूल' कहानी वर्तमान समय में बदलते सम्बन्धों की कहानी है।

6. उपन्यास और कहानी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

7. 'समय-सरगम' उपन्यास की संवेदना पर प्रकाश डालिए।

8. गोदान उपन्यास में 'पात्र और चरित्र-चित्रण' पर एक टिप्पणी लिखिए।

9. 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास में मनोवैज्ञानिक धरातल पर शेखर के व्यक्तित्व का उद्घाटन कीजिए।